आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 02.05.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- केन्द्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को दिये जाने वाले शिक्षा और छात्रावास भत्ते में बढोतरी की है।
- दक्षिण अंडमान जिला परिषद् के तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सभी स्कूलों में आज से गर्मी की छुट्‌टी की घोषणा की गई है।
- मे डे के अवसर पर कल द्वीपों के विभिन्न भागों में श्रमिक संगठनों की ओर से जुलूस निकाले गए।
- चेन्नई से आ रहे जहाज़ एम वी स्वराजद्वीप के आज शाम पांच बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><>

केन्द्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को दिये जाने वाले शिक्षा और छात्रावास भत्ते में बढोतरी की है। यह निर्णय इस वर्ष जनवरी में मंहगाई भत्ता पचास प्रतिशत तक पहुंचने के बाद आया है। यह निर्णय कार्मिक लोक शिकायत और प्रशिक्षण मंत्रालय के वर्ष दो हजार अट्‌ठारह के निर्देश का पालन करता है, जिसके अनुसार जब भी मंहगाई भत्ता पचास प्रतिशत बढेगा तो भत्ते और रियायत में भी पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि होगी।

<><><><><><><>

अप्रैल में सकल वस्तु और सेवा कर–जीएसटी संग्रह में अब तक का सबसे अधिक दो लाख दस हजार करोड़ रुपये का संग्रह दर्ज किया गया है। वित्त मंत्रालय ने बताया है कि पिछले वर्ष की इस अवधि की तुलना में बारह दशमलव चार प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद् के तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। इस सिलसिले में इस महीने की आठ तारीख को दिन में ग्यारह बजे जिला परिषद् के सम्मेलन कक्ष में सभी निर्वाचित सदस्यों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन किया जाएगा।

नियमों के तहत जिला परिषद् में तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए ये सीट महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी।

इस बीच, दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा को द्वीपसमूह में पंचायत चुनाव, नगरपालिका चुनाव के लिए निदेशक घोषित किया गया है। इसके अलावा उन्हें द्वीपों के सभी ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति और ज़िला परिषद् के लिए भी चुनाव पंजीकरण अधिकारी पद्नामित किया गया है।

<><><><><><><>

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी मौसमी चक्रवर्ती ने कल आकाशवाणी समाचार के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। उन्नीस सौ इक्यानब्बे बैच की आई.आई.एस. अधिकारी, श्रीमती चक्रवर्ती के पास प्रेस सूचना ब्यूरो और केंद्रीय संचार ब्यूरो सहित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के कई मीडिया संगठनों में काम करने का व्यापक अनुभव है। तीन दशकों से अधिक के अपने करियर में, उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में कैबिनेट मंत्री की निजी सचिव. के रूप में भी काम किया है। श्रीमती मौसमी चक्रवर्ती ने प्रधान महानिदेशक वसुधा गुप्ता की सेवानिवृत्ति के बाद कार्यभार ग्रहण किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सभी स्कूलों में आज से गर्मी की छुट्टी की घोषणा की गई हैं। आज से द्वीपों के सभी सरकारी, निजी सहायता प्राप्त और बिना सहायता प्राप्त स्कूलों में तीस जून तक अवकाश रहेगा। एक जुलाई को सभी स्कूल पुनः खुल जाएंगे। चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी या शिक्षा विभाग या प्रशासन की ओर से दिए गए कार्यों में तैनात अधिकारियों को अपनी ड्यूटी के लिए स्टेशन में ही रहना होगा। ऐसे सभी अधिकारियों को नियमों के तहत ई.एल मिलेगा। गर्मी की छुट्टी के दौरान बच्चों को व्यस्त रखने और उनके कौशल विकास के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। कार्बाइंस कोव मार्ग स्थित विज्ञान केन्द्र में आज से अभिरूचि शिविर का आयोजन किया जाएगा। इक्कतीस मई तक चलने वाले इस शिविर में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।

अभिरूचि कक्षाओं में एयरो मॉडलिंग, रोबोटिक साइंस, क्रिएटिव साइंस, शिप बिल्डिंग जैसे ट्रेडों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सप्ताह में दो विषयों पर पूर्ण रूप से जानकारी दी जाएगी। कक्षाएं सुबह नौ बजकर पन्द्रह मिनट से दिन में एक बजे तक चलेगी।

उधर, अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन छः मई से गर्मी की छुट्टियों के दौरान कोचिंग शिविर का आयोजन करेगा। खालसा पब्लिक स्कूल के सहयोग से स्कूल में इक्कीस जून तक चलने वाले इस शिविर में पांच से तेरह वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकते है।

<><><><><><><>

मे डे के अवसर पर कल द्वीपों के विभिन्न भागों में श्रमिक संगठनों की ओर से जुलूस निकाले गए और जन सभाएं आयोजित की गई। सी आई टी यू की और इससे संबद्ध यूनियनों की ओर से कल रैली निकाली गई। बाद में तिरंगा पार्क में जन सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सीटू महासचिव बी चंद्रचूडन, उपाध्यक्ष डी अयप्पन, डी लक्ष्मण राव और एस पी कलई राजन ने श्रमिकों को संबोधित किए। कैम्पबेल–बे, स्वराज द्वीप और रंगत में भी कल मे डे के अवसर पर रैली निकाली गई।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के चिन्मय मिशन में प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के अखिल भारतीय सह–संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने सभी लोगों से भारत को विश्व गुरू बनाने में योगदान देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज हमेशा ही लोगों के हितों के साथ–साथ देश सेवा में अपना योगदान देता रहा है और हाल के दिनों में कई ऐसी उपलब्धियां हासिल हुई है, जिस पर देश के लोगों को गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह तीर्थ भूमि है। यहां देश के वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहूति दी है और यहां की मिली–जुली संस्कृति एक मिसाल है। चिन्यम मिशन के स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। विश्व हिन्दू परिषद के स्थानीय महामंत्री राजेश लाल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के स्थानीय अध्यक्ष ब्रिजेश पांडे के अलावा द्वीपों के कई प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने भातुबस्ती निवासी निरंजन लाल के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है। इनका कल निधन हो गया। वे सत्तासी वर्ष के थे।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के तहत मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने 1962 नामक एक किसान मोबाइल अप्लीकेशन जारी किया है। यह ऐप पशुपालकों को संसाधनों तक पहुंच बनाने के लिए वन स्टॉप स्रोत के रूप में सहायता प्रदान करता है। यह ऐप सीधे मंत्रालय की वेबसाइट से जुड़े हुए है, जिससे कृषकों को क्षेत्र की योजनाओं और पहल के बारे में नवीनतम जानकारी मिलती है। कृषकों को पहचान की सुविधा और प्रबंधन के लिए क्यू आर कोड भी प्रदान किया गया है। इसके अलावा प्रत्येक जानवरों के टैग आई डी भी ऐपधारकों के आई डी से लिंक होंगे, ताकि ट्रैकिंग और संगठन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जा सके। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। सभी कृषकों और संबंधित लोगों से इस ऐप का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।

<><><><><><><>

चेन्नई से आ रहे जहाज़ एम वी स्वराजद्वीप के आज शाम पांच बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज़ में एक सौ छियानवे यात्री सवार है। जहाज़ हैडो़ जेट्टी पर भिडेगा।

उधर, एम वी कालीघाट कल सुबह सात बजे लिटिल अंडमान के लिए रवाना होगा और कल रात्रि नौ बजे लिटिल अंडमान से पोर्ट ब्लेयर के लिए इसकी वापसी होगी। जहाज़ हैडो जेट्टी से छूटेगा। यात्री आज ई टिकटिंग पोर्टल और स्टार्स टिकटिंग काउंटर से टिकट खरीद सकते है।

<><><><><><><>

देशभर में अवैध डिजिटल ऋण ऐप्प से संबंधित बड़ी संख्या में शिकायतें आ रही है। यह ऐप्स कम अवधि के लिए ऋण और माइक्रो क्रेडिट प्रदान करते है, लेकिन उनमें अत्यधिक ब्याज दरें और छिपे शुल्क शामिल होते है। यह ऐप्स भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित नहीं होते है, और वे कमज़ोर और कम आय वाले वर्ग के लोगों को प्रभावित करने का प्रयास करते है। यह ऋण प्राप्त करने के लिए उपयोगकर्ताओं से गोपनीय निजी जानकारियां जैसे संपर्क, स्थान, फोटो और वीडियो प्रदान करने की मांग की जाती है। इन व्यक्तिगत जानकारियों का दुरूपयोग उनके खिलाफ ब्लैकमेल करने में किया जाता है।

अवैध ऐप्स बड़े पैमाने पर बल्क एस एम एस, डिजिटल विज्ञापन, चैट मैसेन्जर और मोबाइल ऐप स्टोर आदि का उपयोग करते है। पुलिस ने सभी नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए इन अवैध ऋण ऐप्स का उपयोग न करने की सलाह दी है।

**<><><><><><><>**

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से नए आपराधिक कानून के कियान्वयन के लिए ए आई चैटबोट की शुरूआत की गई है–द डेली टेलीग्रम्स की बड़ी खबर है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र द्वारा नेताजी स्टेडियम में किकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के समाचार को भी अखबार ने प्रमुखता दी है। द्वीप समाचार ने इन खबरों के अलावा अंडमान लॉ कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। – अंडमान क्रोनिकल ने भी इसी खबर को प्रकाशित किया है ।

**<><><><><><><>**